**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3523**

**17 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**समर्थ योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण केंद्र**

**3523. श्री दुलू महतो:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) कपड़ा क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना (समर्थ) की मुख्य विशेषताएं क्या हैं और समर्थ योजना के तहत झारखंड में जिला-वार पारंपरिक उद्योगों सहित किन-किन उद्योगों को कौशल विकास के लिए लक्षित किया जा रहा है;

(ख) समर्थ योजना किस तरह से झारखंड में हाशिए पर रहने वाले सामाजिक समूहों, जैसे महिलाओं, एससी/एसटी, आदि को प्राथमिकता देती है;

(ग) झारखंड में पिछले तीन वर्षों के दौरान समर्थ योजना के तहत जिले-वार उपयोग की गई कुल राशि कितनी है और प्रशिक्षण लागत की कितनी राशि का प्रबंध किया जा चुका है; और

(घ) पिछले तीन वर्षों से समर्थ योजना के तहत झारखंड में कितने प्रशिक्षण केंद्र कार्यरत हैं?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क) और (ख):** मंत्रालय वस्त्र क्षेत्र (कताई और बुनाई को छोड़कर) में रोजगार सृजन में उद्योग के प्रयासों को बढ़ावा देने और सहयोग करने के लिए मांग आधारित, रोजगार उन्मुख राष्ट्रीय कौशल अर्हता फ्रैमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम और पारंपरिक क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण और कौशल उन्नयन प्रदान करने के उद्देश्य से समर्थ - वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना को क्रियान्वित कर रहा है। यह योजना आधार समर्थित बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस) से जुड़े एक मजबूत डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से क्रियान्वित और मॉनीटर की जाती है। इस योजना के तहत, महिला, अ.जा./अ.ज.जा आदि जैसे वंचित सामाजिक समूहों को प्रशिक्षण प्रदान करने में वरीयता दी जाती है। इस योजना के तहत झारखंड में, दिनांक 11.12.2024 तक कुल 3,263 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया (उत्तीर्ण हुए) जिसमें से 3,049 महिलाएं हैं, 490 अ.जा. श्रेणी से हैं और 1173 अ.ज.जा. श्रेणी से हैं।

**(ग):** समर्थ योजना के तहत राज्य-वार निधि का कोई आवंटन नहीं किया जाता है। पिछले 3 वर्षों के दौरान समर्थ के तहत झारखंड राज्य सहित उपयोग की गई निधि का ब्यौरा निम्नलिखित है:

(करोड़ रुपए में)

| क्र.सं. | वित्त वर्ष | उपयोग की गई निधि |
|---|---|---|
| 1. | 2021-22 | 85.69 |
| 2. | 2022-23 | 23.27 |
| 3. | 2023-24 | 114.99 |

**(घ):** समर्थ योजना के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान झारखंड में 21 प्रशिक्षण केंद्र प्रचालनशील हैं।

***